>

Title: Need to check the increasing water and air pollution caused by industrial units in Mirzapur and Sonbhadra districts of Uttar Pradesh.

श्री बाल कुमार पटेल (मिर्ज़ापुर): मिर्जापुर व सोनभद्र जनपदों में चल रही औद्योगिक इकाइयों, अवैध कशरों द्वारा जलादोहन और अपशिष्ट का प्रवाह कर जल प्रदूषण, भारी मात्रा में धुं एवं धूल उड़ाकर वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है। गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे विन्ध्यपर्वत क्षेत्र के निवासियों की पहुंच से जल दूर होता जा रहा है। अपशिष्ट के प्रवाह से वनवासी व वन्यजीव बीमार होकर मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। फैक्ट्री स्थलों का जनसंख्या विहीन बताकर जिम्मेदारी से बचा रहा है। इन फैक्ट्री स्थलों के आस-पास धौहा, बिजुरही, सोनगढ़, चोलखा बड़ी आबादी के ग्राम हैं तो चुनार, डाजला, चुर्क सीमेन्ट फैक्ट्रियों के पास नगरपालिका व नगर पंचायत की आबादी वाले क्षेत्र हैं। लगभग 300 वैध-अवैध क्रशरों द्वारा ब्लास्टिंग से दोनों जनपदों में गभीर वायु प्रदूषण है जिससे गंभीर पर्यावरणीय संकट व्याप्त है। यदि समय रहते प्रदूषण पर रोक न लगाई गई तो यह क्षेत्र जलविहीन एवं मानव विहीन क्षेत्र हो जाएगा।